# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 02.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान आज से, प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से सदस्यता का नवीकरण प्रमाण पत्र लेकर अभियान का करेंगे शुभारंभ।
- राज्य में उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ में मरनेवालों की संख्या हुई ग्यारह, आईजी होमकर ने की पुष्टि, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने झारखंड सरकार पर मौत का आंकड़ा छुपाने का लगाया आरोप।
- पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का कोल्हान पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत, श्रीसोरेन ने कहा–यह बदलाव की लहर है जो कोल्हान के साथ पूरे झारखंड में दिखेगी।
- पेरिस पैरालिंपिक्स में निशाद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में जीता रजत पदक, प्रीति पाल ने महिलाओं की दो सौ मीटर स्पर्धा में जीता कांस्य, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई।

****************

भारतीय जनता पार्टी आज से सदस्यता अभियान शुरू कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से सदस्यता का नवीकरण प्रमाण पत्र लेकर अभियान का शुभारंभ करेंगे। भाजपा के सभी वर्तमान सदस्यों को अपनी सदस्यता का नवीकरण कराना होगा। पार्टी संविधान के अनुसार प्रत्येक पांच से छह वर्ष पर सदस्यता अभियान चलाया जाता है। यह अभियान आज से दस नवम्बर तक विभिन्न चरण में सम्पन्न होगा। पहला चरण 25 सितम्बर को पूरा होगा। मिस्ड कॉल देकर या पार्टी की वेबसाइट या अन्य डिजिटल माध्यमों से सदस्यता ली जा सकती है।

****************

झारखंड में उत्पाद सिपाही की बहाली के लिए चल रही शारीरिक जांच परीक्षा में दौड़ के दौरान अभ्यर्थियों के गिरकर बेहोश हो जाने और मौत का सिलसिला जारी है। साहिबगंज में रांची निवासी एक अभ्यर्थी की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि साहिबगंज समेत पलामू, हजारीबाग और गिरिडीह में दो दर्जन से अधिक युवा दौड़ के क्रम में बेहोश हो गए। आईजी अभियान एवी होमकर ने बताया कि अबतक ग्यारह अभ्यर्थियों की मौत हो चुकी है।

****************

झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने पलामू में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान राज्य सरकार पर उत्पाद बहाली में अभ्यर्थियों की मौत का आंकड़ा छुपाने का आरोप लगाया।

****************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार कोल्हान पहुंचे। इस दौरान उनके हजारों समर्थकों ने गाजे–बाजे, ढोल–नगाड़ों के साथ जमकर आतिशबाजी की। कांड्रा से ही पूर्व मुख्यमंत्री अपने समर्थकों, भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ हजारों बाइक और कार के काफिले के साथ जमशेदपुर होते हुए अपने पैतृक आवास जिलिंगोड़ा पहुंचे। भाजपा का दामन थामने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन काफी उत्साहित दिखे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह बदलाव की लहर है जो कोल्हान के साथ पूरे झारखंड में जल्द दिखने वाली है।

****************

पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि राज्य सरकार की मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना एक चुनावी स्टंट है। उन्होंने कहा कि यह योजना बहुत पहले लागू हो जानी चाहिये थी। श्रीमुंडा सरायकेला जिला कार्यालय में भाजपा की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि माताओं बहनों को पूरे पांच साल का पैसा मिलना चाहिये।

****************

झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दल अपने अपने स्तर से तैयारी में जुट गये हैं। भाजपा महानगर की ओर से जमशेदपुर के बर्मामाइंस में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की चारों विधानसभा सीट जीत का संकल्प लिया। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू मौजूद रहे।

वहीं दूसरी ओऱ जमशेदपुर के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के घोड़ाबांधा में झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से मिलन समारोह सह सदस्यता ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए।

***************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार लोगों से सीधा संवाद को लेकर आज कोल्हान प्रमंडल के दौरे पर हैं। इस दौरान श्रीगंगवार पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां और पूर्वी सिंहभूम के एक–एक गांव के ग्रामीणों से सीधा संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं से रूबरू होंगे। पश्चिमी सिंहभूम जिले के खूंटपानी प्रखंड में राज्यपाल का संवाद दोपहर बाद 3 बजे से शुरू होगा।

***************

नेतरहाट आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए आवेदन तथा परीक्षा की तिथि में संशोधन किया गया है। अब नेतरहाट प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन 30 सितंबर तक जमा हो सकेगा। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन लिए जा रहे हैं। नई तिथि के अनुसार नेतरहाट प्रवेश परीक्षा 27 अक्टूबर को आयोजित की जायेगी। बता दें कि कि विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए कक्षा छह में कुल एक सौ सीटों पर नामांकन होना है।

***************

प्रधानमंत्री बिरसा फसल बीमा योजना के तहत पलामू जिले फसलों का बीमा किया जा रहा है।

***************

कौशल भारत कुशल भारत योजना के तहत ग्राहक सेवा प्रतिनिधियों को 28 हजार रुपए के मानदेय पर नियुक्त किए जाने की खबरें झूठी हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि इस तरह की किसी भी नियुक्ति किए जाने का दावा गलत है। मंत्रालय ने इस खबर को भी गलत बताया कि नियुक्ति से पहले एक हजार 350 रुपए के पंजीकरण शुल्क का भुगतान करना होगा।

***************

पेरिस पैरालिंपिक्स में भारतीय खिलाडियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। प्रीति पाल ने महिलाओं की दो सौ मीटर टी–35 स्पर्धा में अपना दूसरा कांस्य पदक जीता। प्रीति ने इससे पहले सौ मीटर टी–35 स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता था। एथलेटिक्स में पुरुषों की ऊंची कूद–टी47 स्पर्धा में निशाद कुमार ने रजत पदक जीता। इसी के साथ भारत के पदकों की संख्या सात हो गई है। इनमें एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है। आज भी कई भारतीय खिलाड़ी पदकों की दावेदारी करेंगे।

***************

<u>और अब कुछ संक्षिप्त खबरें</u>

- सिमडेगा जिले में ठेठईटांगर थाना क्षेत्र में एक ऑटो के पलट जाने से 10 लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल 6 लोगों को रिम्स रेफर किया गया है।
- साहिबगंज के बोरियो प्रखंड में ग्राम सभा का आयोजन कर पहाड़िया समुदाय के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।
- सिमडेगा थाना क्षेत्र के सैंपूर में उत्पाद विभाग और जिला पुलिस ने नौ टन महुआ शराब का जावा और 220 लीटर शराब नष्ट कर दिया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

- गिरिडीह प्रखंड सभागार में लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर जिला पुलिस की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

****************